नवभारत

ग्वालियर शनिवार 27 दिसम्बर , 2025 03

एक नजर में

ग्वालियर विकास समिति ने 400 महिलाओं को शॉल वितरित कीं

ग्वालियर, 26 दिसंबर। शहर की सामाजिक संस्था ग्वालियर विकास समिति ने भाईचारे के द्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिन पर चारो पर्म गुरुओं ढोली बुआ महाराज, सरदार कमलजीत सिंह पास्टर ईशा स्मिता एवं मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त निरंजन शर्मा विशिष्ट नतिथि डॉक्टर बीआर श्रीवास्तव, यूएस कुलश्रेष्ठ, ने मिलकर केक काटा और करीब 400 के लगभग गरीब महिलाओं को शॉल वितरित की और सभी ने ईसा मसीह के जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन संयोजक प्रेम बरोनिया ने किया।

कल गूंजेगा हिंदुत्व का स्वर, कई स्थानों पर होंगे हिंदू सम्मेलन

ग्वालियर, 26 दिसंबर। सनातन धर्म को जाग्रत करने और हिंदू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से रविवार 28 दिसंबर को शहर और आसपास के क्षेत्रों की विभिन्न बस्तियों में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन के पश्चात सहभोज रखा गया है। वहीं रोजाना निकल रही प्रभात फेरियों के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में बौद्ध बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कृष्णा नगर स्थित मिश्रा हॉस्पीटल के पीछे हरे कृष्णा पार्क में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आदर्श गौशाला लालटिपारा के स्वामी ऋषभदेवानंद महाराज होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक हनुमान चालीसा से होगी। वनय नगर क्षेत्र का हिंदू सम्मेलन 28 दिसंबर को दोपहर 2 बजे विनय नगर सेक्टर-3 स्थित पानी की टंकी विनयेश्वर पार्क में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन से पहले यहां दोपहर 12 बजे कलश यात्रा गौरीशंकर स्कूल के सामने स्थित अमृतेश्वर महादेव मंदिर से निकाली जाएगी, जो विनय नगर के सेक्टर 3, 4 के विभिन्न मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। सम्मेलन के वक्ता अशोक अग्रवाल गुना, अयोध्या से पधारे संत सुधीर शरण महाराज, रेखा भदौरिया होंगी। लोहागढ़ बस्ती का हिंदू सम्मेलन 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे ढोली बुआ का पुल के समीप नगर निगम वर्कशॉप परिसर में आयोजित किया जाएगा। हिन्दू समाज की एकजुटता और राष्ट्र निर्माण में भूमिका विषय पर आयोजित सम्मेलन के मुख्य अतिथि महामण्डलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुटुंब प्रबोधन प्रांत प्रमुख अशोक पाठक होंगे। मोहना मंडल का हिंदू सम्मेलन 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे उपाध्याय गार्डन मोहना में होगा। मुख्य अतिथि रानीघाटी आश्रम के संत अमृतानंद महाराज एवं मुख्य वक्ता विनीता जैन होंगी। घाटीगांव मंडल का सम्मेलन 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे पंचायत भवन घाटीगांव में रानी घाटी आश्रम के संत प्रेमानंद महाराज के सानिध्य में होगा। मुख्य वक्ता मनीषा शर्मा होंगी।

महापौर और विधायक 101 वरिष्ठ जनों का करेंगे सम्मान

ग्वालियर, 26 दिसंबर। कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर 28 दिसंबर को दोपहर 2 बजे चेतकपुरी रोड स्थित तोरण वाटिका में विधायक डॉ सतीश सिकरवार के नेतृत्व में कांग्रेस का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। वृहद स्तर पर मनाए जाने वाले कांग्रेस के स्थापना दिवस पर महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार के मुख्य अतिथ्यि एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार की अध्यक्षता में शहर के 101 वरिष्ठ कांग्रेस जनों का शॉल- श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन शामिल होगें।

रतन ज्योति नेत्रालय अंतरराष्ट्रीय तकनीक और दशकों के सर्जिकल अनुभव से मोतियाबिंद सर्जरी में नया कीर्तिमान

ग्वालियर, 26 दिसंबर। मध्य भारत के अग्रणी नेत्र चिकित्सा संस्थान रतन ज्योति नेत्रालय, ग्वालियर ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मानकों को स्थापित करते हुए रतन ज्योति नेत्रालय में Johnson & Johnson Vision की नवीनतम और अत्याधुनिक Veritas™? Vision System (Phaco Machine) को सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। यह मशीन पूरे मध्य प्रदेश में केवल रतन ज्योति नेत्रालय, ग्वालियर में उपलब्ध है। अत्याधुनिक Advanced Fluidics Technology, जो सर्जरी के दौरान आंख के अंदर दबाव को स्थिर बनाए रखती है कम अल्ट्रासोनिक ऊर्जा में प्रभावी सर्जरी, जिससे आंख के नाजुक टिश्यू सुरक्षित रहते हैं इस अवसर पर रतन ज्योति नेत्रालय के संस्थापक नेत्र रोग सर्जन डॉ. पुरेंद्र भसीन ने कहा: 'आज की आधुनिक मशीनें सर्जरी को आसान बनाती हैं, लेकिन सर्जरी की सफलता का वास्तविक आधार सर्जन का अनुभव होता है। जब अंतरराष्ट्रीय तकनीक और अनुभवी हाथ एक साथ आते हैं, तब परिणाम असाधारण होते हैं।'

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में रविवार को डॉ. शिवम खरे उपलब्ध रहेंगे

ग्वालियर, 26 दिसंबर। सर गंगा राम हॉस्पिटल नई दिल्ली के वरिष्ठ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर शिवम खरे रविवार 28 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक ओपीडी में अपनी सेवाएं देंगे। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में जो सुविधाएं दिल्ली में उपलब्ध हैं वह आपको ग्वालियर में भी उपलब्ध होंगी। डॉ शिवम खरे प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को परामर्श हेतु आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे।

जिले में बगैर अनुमति के नहीं होंगे धरना, प्रदर्शन , धारा 163 लागू

नवभारत न्यूज

ग्वालियर , 26 दिसम्बर। सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बगैर ग्वालियर जिले की सीमा में सार्वजनिक स्थल पर धरना, प्रदर्शन, रैली, जुलूस, चल समारोह इत्यादि आयोजन नहीं किए जा सकेंगे। साथ ही किसी भी धर्म, संप्रदाय, जाति अथवा समूह आदि की भावनाओं को आहत करने वाले ऐसे कृत्यों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, जो कानून व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव डाल सकते हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत इस आशय का प्रतिबंधात्मक आदेश कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रुचिका चौहान द्वारा जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 के तहत दंडनीय होगा। जिला दंडाधिकारी ने यह आदेश अंग्रेजी नव वर्ष व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी सहित अन्य धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक व शासकीय कार्यक्रमों को ध्यान में रखकर शांति व सुरक्षा व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने के उद्देश्य से जनहित में जारी किया है। धरना, प्रदर्शन, रैली, जुलूस, चल समारोह इत्यादि आयोजन के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से पूर्व अनुमति लेनी होगी। एक से अधिक अनुविभाग में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अपर जिला दंडाधिकारी से अनुमति प्राप्त करनी होगी।

महिला योग शक्ति दिवस में 23 महिलाओं का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर , 26 दिसम्बर। भारतीय योग संस्थान की मध्यप्रदेश इकाई ने ग्रेटर ग्वालियर की 500 महिलाओं को एकत्र कर पूरे हर्षोल्लास के साथ महिला योग शक्ति दिवस मनाया। इस अवसर पर 23 महिला कार्यकर्ताओं को उनके द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की मुख्यअतिथि के.आर. जी कॉलेज की प्राचार्य डॉ साधना श्रीवास्तव ने कहा कि योग संस्थान बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है महिला शक्ति का कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सम्मिलित होने की सराहना करते हुए कहा अब शीघ्र ही के आर जी कॉलेज के महिला छात्रावास में संस्थान के सहयोग से नि:शुल्क योग साधना केन्द्र संचालित किया जाएगा। भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय प्रधान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मण सिंह परिहार ने अपने सम्बोधन में कहा कि नारी शक्ति महान है एवं संस्थान में इनकी बड़ी भूमिका है उन्होंने नारी शक्ति का आवाहन करते हुए कहा कि आप बस निष्काम सेवा करते रहिये संस्थान सदैव आपको सम्मान करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम के अंत में सविता गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। आज कार्यक्रम में प्रांतीय अधिकारी महेश अग्रवाल, बाल किशन अग्रवाल, रमेश अगीचा , एस के गुप्ता, वीना कुशवाह मंचासीन रहे।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर , 26 दिसंबर अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मौत को चुनने से पहले युवक पार्टी करने वाला था, क्योंकि घटना स्थल पर शराब व अन्य सामान पुलिस को मिला है। घटना ठाटीपुर थाना क्षेत्र के गल्ला कोठार में गुरुवार दोपहर साढ़े बारह बजे की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है। फिलहाल पता नहीं चला है कि किन कारणों के चलते उसने फांसी लगाकर जान दी है। थाटीपुर थाना क्षेत्र के गल्ला कोठार में संजू अहिरवार 28 वर्ष पुत्र घासीराम अहिरवार किराये पर कमरा लेकर रहता है। संजू के परिजन महेशपुरा सिकंदर कंपू पर रहते हैं। गल्ला कोठार में संजू अपनी पत्नी के साथ रह रहा था। दोपहर उसका दोस्त उसके कमरे पर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना मिलते ही परिजन कमरे पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो अंदर संजू फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम हाउस पहुंचा दिया।

पार्टी करने के लिए लाया था शराब- युवक द्वारा फांसी लगाकर जान देने की खबर पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में घटना स्थल से शराब के क्वॉर्टर और पार्टी करने का कुछ सामान मिला है। जिससे पुलिस का मानना है कि संभवत: वह पार्टी करने के लिए लाया था। वहीं पता चला है कि चार दिन पहले उसका पत्नी से विवाद हुआ था और विवाद के बाद पत्नी मायके चली गई थी।

ई-अटेंडेंस और वेतन रोकने पर आंदोलन की चेतावनी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर में म.प्र. शिक्षक कांग्रेस की प्रांतीय बैठक आयोजित



ग्वालियर , 26 दिसंबर मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस की प्रांतीय बैठक अर्नव ग्रीन सिटी में मध्यप्रदेश शिक्षक कॉग्रेस के प्रांताध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता और मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रवक्ता एवं संयुक्त मोर्चा के उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। ग्वालियर की प्रान्तीय बैठक का आयोजन ग्वालियर संभागाध्यक्ष तुलसी रावत एवं ग्वालियर जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र रावत ने किया था। बैठक में जमुना प्रसाद द्विवेदी, एन.डी. वैष्णव सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष और सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। अंत में जिलाध्यक्ष रावत ने बताया कि यदि शासन ने इन मांगों को गंभीरता से नहीं लिया, तो संगठन विशाल प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगा। बैठक में प्रदेश भर के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की और कई प्रस्ताव पारित किए।

बैठक के मुख्य बिंदु और निर्णय- ई-अटेंडेंस का विरोध: शिक्षकों ने बिना विसंगतियां दूर किए लागू की गई ई-अटेंडेंस प्रणाली का कड़ा विरोध किया। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि नवंबर की तरह दिसंबर का वेतन भी काटा या रोका गया, तो भोपाल और ग्वालियर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। वेतन भुगतान की मांग: नवंबर माह का रुका हुआ वेतन बिना किसी शर्त के तुरंत भुगतान करने की मांग की गई है। भुगतान न होने की स्थिति में संगठन न्यायालय की शरण लेगा। अन्य प्रमुख मांगें: नवीन शिक्षक संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देना। तीन वर्ष पूर्ण कर चुके नए शिक्षकों के नियमितीकरण के आदेश जारी करना। केंद्र के समान लंबित महंगाई भत्ता (डीए) प्रदान करना। क्रमोन्नति एरियर का शीघ्र भुगतान और इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करना।

पुराने विवाद पर युवक को पीटा

ग्वालियर, 26 दिसंबर। डबरा सिटी थाना क्षेत्र में हरीबाबू की कलारी के पास पुरानी रंजिश पर तीन युवकों ने मिलकर एक युवक की पिटाई कर दी। मारपीट करने के बाद आरोपी युवक भाग निकले। घटना बीते रोज की है। पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है। हेमंत कोरी निवासी गुप्ता पुरा का वीरेन्द्र परिहार, मनीष तथा अजय परिहार से विवाद चल रहा है। बताया गया है कि हेमंत कोरी ने कुछ वर्ष पहले परिहार भाइयों की मां के साथ मारपीट की थी, तभी से रंजिश चली आ रही है। बीते रोज हेमंत कोरी का हरीबाबू कलारी के पास वीरेन्द्र, अजय तथा मनीष परिहार से आमना-सामना हो गया।

नये साल में अप्रैल तक शहर में दौड़ेंगी ई-बसें,बस स्टैंड हो रहा तैयार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर , 26 दिसंबर नवबर्ष शहर वासियों के लिए अच्छी खबर प्रदूषण मुक्त ई-बसें अप्रैल वर्ष 2026 में सड़कों पर दौड़ती दिखाई देने लगेंगी । बसों के आने से आईएसबीटी बस स्टैण्ड तक शहर से सवारियों को पहुंचने के लिए आसानी से वाहन मिल सकेंगे। इसके लिए रमौआ और आईएसबीटी पर ई-बस के लिए स्टैण्ड बनाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके साथ ही इन दोनों स्टैण्डों पर बसों के चार्जिंग पाइंट भी बनाए जा रहे हैं। बस स्टैण्ड और चार्जिंग पाइंट बनते ही केंद्र सरकार ई-बसों की सप्लाई कर देगा। ग्वालियर शहर में प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा बड़े-बड़े शहरों में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करना प्रारंभ किया है। इसके चलते ग्वालियर को भी 100 इलेक्ट्रिक बसें मिली हैं, लेकिन ग्वालियर में बस स्टैण्ड एवं चार्जिंग स्टेशन तैयार नहीं हो पाने के कारण इन बसों के आने का मार्ग नहीं खुल पा रहा था। रमौआ एवं आईएसबीटी पर इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग पाइंट एवं स्टैण्ड बनाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह कार्य लगभग फरवरी माह में पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया गया वेंडर शहर में इन बसों के स्टॉपेज के लिए जगह तय करेगा। जगह तय होने के बाद बसों के स्टॉपेज बनाए जाएंगे। इस प्रकार लगभग अप्रैल माह के अंत तक ग्वालियर में इलेक्ट्रिक बसें चल सकेंगी।

बस के हर रूट पर बनाए जाएंगे कई स्टॉपेज- बस को पर्याप्त मात्रा में सवारियां मिल सकें इसके लिए जगह-जगह बस स्टैण्ड बनाए जाएंगे। बस स्टैण्ड का स्थान बसों का संचालन करने वाला ठेकेदार तय करेगा, जिससे बस में अधिक से अधिक सवारी बैठ सकें।

मऊआ के अधिकारियों ने किया निरीक्षण- आईएसबीटी एवं रमौआ पर चल रहे बस स्टैण्ड के निर्माण कार्य का इंडियन अर्बन ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एण्ड अर्बन अफेयर (मऊआ) के अधिकारियों ने निरीक्षण किया था। ग्वालियर में आ रही ई बस एक बार चार्ज होने पर 200 किलोमीटर का सफर कर सकती है।

एक बार चार्ज में पूरे दिन दौड़ सकेंगी बसें

आईएसबीटी पर चार्ज होंगी एक साथ 20 बसें

आईएसबीटी पर पीएम ई-बस सेवा की 40 बसों के लिए स्टैण्ड बनाया जा रहा है। इसके साथ ही आईएसबीटी पर पांच चार्जिंग पाइंट बनाए जा रहे हैं, जिनसे एक साथ 10 बसें चार्ज हो सकेंगी। इसी प्रकार रमौआ पर बनाए जा रहे स्टैण्ड पर 60 बसें खड़ी होंगी, वहां पर 10 चार्जिंग पाइंट बनाए जा रहे हैं, वहां पर एक साथ 20 बसें चार्ज हो सकेंगी।

आईटीएम में 'जियोगेम्स बूटकैंप और वैलोरेंट कैंपस कप' आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर , 26 दिसंबर। आईटीएम ग्वालियर और जियोगेम्स के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 'जियोगेम्स बूटकैंप और वैलोरेंट कैंपस कप' का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं में गेमिंग, ई-स्पोर्ट्स और इससे जुड़े कॅरियर की संभावनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस आयोजन में जियोगेम्स की ओर से आशीष, सिद्धांत और गोकुल शामिल हुए। वहीं विशेषज्ञ के रूप में ऋ षभ शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम की डायरेक्टर डॉ. मीनाक्षी मजूमदार, डीन एकेडमिक्स डॉ. एसएस चौहान, डीएसडब्ल्यू नितिन दीक्षित, कंप्यूटर साइंस विभाग से राखी अरोड़ा, गौरव दुबे सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर अस्स्टिंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। आईटीएम में आयोजित दो दिवसीय बूटकैंप के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। जहां विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए प्रसिद्ध कंटेंट क्रिएटर एवं प्रोफेशनल गेमर ऋषभ ने छात्र-छात्राओं और युवाओं को जागरूक किया। बतादें कि ऋषभ इंस्टाग्राम पर 1.52 लाख से अधिक फॉलोअर्स के साथ एक लोकप्रिय डिजिटल क्रिएटर हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गेमिंग इंडस्ट्री, कंटेंट क्रिएशन, ई-स्पोर्ट्स में कॅरियर की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आईटीएम ग्वालियर में आयोजित जियोगेम्स बूटकैंप के दौरान छात्र-छात्राओं ने विशेषज्ञ से प्रश्नोत्तर के माध्यम से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। वहीं विशेषज्ञ व्याख्यान के उपरांत छात्र-छात्राओं के लिए एक रोचक गेमिंग गतिविधि का आयोजन किया गया. इस गतिविधि के विजेताओं को जियोटैग्स प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आईटीएम में जियोगेम्स वैलोरेंट कैंपस कप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईटीएम की डायरेक्टर डॉ. मीनाक्षी मजूमदार एवं डीन एकेडमिक्स डॉ. एसएस चौहान ने विजेता टीम को शुभकामनाएं दीं।

पटेल कृषि सेवा केन्द्र का उर्वरक विक्रय अधिकार पत्र निरस्त

ग्वालियर, 26 दिसम्बर। ग्वालियर जिले के किसानों को मानक एवं गुणवत्तायुक्त रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने के लिये विभिन्न खाद दुकानों से लगातार उर्वरकों के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराई जा रही है। इस कड़ी में बुजुर्ग रोड डबरा स्थित मैसर्स पटेल कृषि सेवा केन्द्र से लिए गए उर्वरक के नमूने जांच में अमानक पाए जाने पर प्रोपराइटर देव पटेल के नाम से जारी उर्वरक विक्रय अधिकार पत्र निरस्त कर दिया गया है।

नाम संशोधन सूचना

हर्ष अग्रवाल निवासी मंगलधाम छुटमल की बजरिया मैना वाली गली लश्कर गवालियर म०प्र० सूचित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम **हर्ष अग्रवाल** तथा मेरे पिता का नाम **दिनेश कुमार अग्रवाल** तथा माता का नाम **पिंकी अग्रवाल** दर्ज है जोकि सही हैं तथा मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम **हर्ष मंगल**, तथा मेरे माता पिता का नाम **पिकी मंगल** व **दिनेश मंगल** दर्ज है जोकि त्रुटिवश गलत अंकित है। अतः मै सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि उपरोक्त वर्णित सभी नाम मुझ सूचनाकर्ता से ही संबधित है जो की सत्य व सही है

युवक को लगी गोली, पुलिस उलझन में

ग्वालियर, 26 दिसंबर। किराना शॉप पर सामान ले रहा एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। घटना हजीरा थाना क्षेत्र के पीताम्बरा कॉलोनी की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन हालत गंभीर होने के चलते उसे उपचार के लिए जेएएच रैफर कर दिया गया। फिलहाल पता नहीं चला है कि गोली किसने मारी है। यह बात भी सामने आई है कि जिस जगह युवक को गोली लगी है, वहां से कुछ दूरी पर युवकों में विवाद हो रहा था। हजीरा थाना क्षेत्र के पीताम्बरा कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय अजीत शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा छात्र है।

शाम को वह घर से सामान लेने के लिए पास ही स्थित किराना दुकान पर गया था। सामान का पर्चा दुकानदार को दिया और खड़ा हो गया। कुछ देर बाद उसे गोली चलने की आवाज आई और उसके हाथ से खून निकलने लगा। अजीत शर्मा पहले तो समझ ही नहीं पाया कि हुआ क्या है, लेकिन जब खून ज्यादा ही बहने लगा तो वह तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचा। कुछ देर बाद यह जानकारी पुलिस तक पहुंच गई कि गोली लगने से घायल एक युवक अस्पताल पहुंचा है। पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची। युवक की हालत बिगड़ रही थी, क्योंकि सिविल अस्पताल के चिकित्सक हाथ से बह रहे खून का निकलना बंद नहीं कर पा रहे थे। इस स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जेएएच रेफर कर दिया।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.03 वार्ड क्रं.07, भवन क्रं., स्थान: राधा बिहार ग्राम मोहम्मदपुर ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री राजेन्द, श्रीमती रानी, सुरेन्द, श्रीमती शांती, गणेश राम बाथम पुत्र व पुत्री स्व. श्री रामकिशोर से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000104808 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 640 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं.A100790118 दिनांक 03.09.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन मेरे द्वारा ऑनलाईन आज दिनांक 25.12.2025 को किया गया है जिसका आवेदन क्रं.PT-35429 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता -

वसुधरा/श्री नितेन्द्र सिंह

पता : राधा बिहार ग्राम मोहम्मदपुर वार्ड- 07

विज्ञप्ति जारी दिनांक : 25.12.2025

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शशि सविता उर्फ नीखरा पत्नी स्व. श्री राजेंद्र नीखरा एवं श्रीमान विपुल नीखरा (बालिग) पुत्र स्व. श्री राजेंद्र नीखरा के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की एक अचल संपत्ति जिसका भवन क्र. 10/662 (पुराना), वार्ड क्र. 57, चिटनीस की गोठ, माधौगंज लश्कर व जिला ग्वालियर की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- मकान गुलाबचंद पश्चिम में- मकान कलाबाई, उत्तर में- आम रास्ता एवं शेष संपत्ति मन्नू, दक्षिण में- भवन गुलाबचंद एवं भवन दीगर का व कुल क्षेत्रफल 432.50 वर्गफीट है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान लक्ष्मीनारायण पुत्र श्री नत्थू लाल सेन एवं अन्य के स्वत्व, स्वामित्व एवं शामलाती आधिपत्य की थी जिसे उन्होंने श्रीमती पुष्पा अग्रवाल पत्नी श्री गोविंदराम अग्रवाल से विक्रय पत्र दस्तावेज सरल क्र.1353 एवं ग्रंथ क्र. 1360 व दिनांक 04.07.1989 द्वारा क्रय की थी। तत्पश्चात केवल श्रीमान लक्ष्मीनारायण पुत्र श्री नत्थू लाल सेन द्वारा श्रीमती शशि सविता उर्फ नीखरा पत्नी स्व. श्री राजेंद्र नीखरा, श्रीमान विपुल नीखरा (नाबालिग) पुत्र स्व. श्री राजेंद्र नीखरा व सरपरस्त माँ स्वयं श्रीमती शशि सविता उर्फ नीखरा को रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख सरल क्र. 2665 एवं ग्रन्थ क्र. 20766 व दिनांक 11.09.2009 से विक्रय की गई। अतः मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो।

इति दिनांक 26.12.2025

प्रेषक-**विशाल अग्रवाल** (एडवोकेट)

कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट"

ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ममता शर्मा पत्नी श्री शोभाराम शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व आधिपत्य की एक अचल संपत्ति जिसका वार्ड क्र. 05, तात्याटोपे वार्ड, बिस्मिल नगर, ग्राम जौरी, तहसील मुरैना नगर व जिला मुरैना के सर्वे क्र. 247/2/1 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- भवन गुर्जर, पश्चिम में- सड़क 18 फ़ीट चौड़ा, उत्तर में- प्लाट भूरी गुर्जर, दक्षिण में- भवन गुर्जर का व कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफ़ीट है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री चिम्मन सिंह उर्फ़ चंद्रभान सिंह तोमर के स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य की थी। जिसे श्रीमान राजीव सिंह तोमर पुत्र श्री मजबूत सिंह बहैसियत मुख्तयारआम कर्ता श्रीमान शिवकुमार शर्मा पुत्र स्व. रामचरण शर्मा द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज़ क्र. 3747 व दिनांक 13.08.2009 से क्रय की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है। मेरे पक्षकार द्वारा अवगत कराया गया है कि उपरोक्त विक्रय पत्र के मूल दस्तावेज गुम हो गए हैं, जिस किसी व्यक्ति विशेष को मिले कृपया नीचे दिए गए पते पर तुरंत सूचित करें, जिसमें श्रीमती पुष्पा देवी के फोत उपरांत श्रीमान धर्मेंद्र, देवेंद्र पुत्रगण श्री चिम्मन सिंह तथा गायत्री देवी पुत्री श्री चिम्मन सिंह के नाम राजस्व विभाग में कानूनी वारिस के रूप में विधिवत अंकित किए गए। तत्पश्चात श्रीमान धर्मेंद्र, देवेंद्र पुत्रगण श्री चिम्मन सिंह तथा गायत्री देवी पुत्री श्री चिम्मन सिंह द्वारा श्रीमती सीमा पत्नी श्री सूबेदार सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज़ क्र. MP25792022A1541936 व दिनांक 25.05.2022 से विक्रय की गई। तत्पश्चात श्रीमती सीमा पत्नी श्री सूबेदार सिंह द्वारा श्रीमती ममता शर्मा पत्नी श्री शोभाराम शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP25792024A1064052 व दिनांक 16.01.2024 से विक्रय की गई। अतः मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है, इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 26.12.2025

प्रेषक-**विशाल अग्रवाल** (एडवोकेट)

कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट"

ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय ग्वालियर (म.प्र.)

क्रमांक GWLLP21122501659/ दिनांक / 26/DEC/2025

प्र.क्र./571753नग्रानि/Gwaliorदिनांक 26/DEC/2025

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (SANTOSH KUSHWAH)-श्री संतोष कुशवाह पुत्र श्री छोटे सिंह कुशवाह, श्री उजागर सिंह गुर्जर पुत्र श्री राम सिंह गुर्जर, श्री हेमन्त कुशवाह पुत्र श्री भगवान लाल, श्री विक्रम सिंह पुत्र श्री छोटे सिंह, श्रीमती रामकुमारी पत्नी श्री रमेश चन्द्र, श्रीमती भारती पत्नी श्री रामगोपाल, श्रीमती मोना वर्मा पत्नी श्री नवीन करेलिया, श्रीमती आरती भार्गव पत्नी श्री अविनाश भार्गव, श्रीमती पुनम त्रिपाठी पत्नी मधुर त्रिपाठी, श्रीमती नेहा भार्गव पत्नी श्री अभिषेक भार्गव, श्रीमती अर्चना शर्मा पत्नी श्री अनुप कुमार शर्मा, श्रीमती अनुराधा गुप्ता पत्नी श्री राजेश गुप्ता, श्रीमती पिंकी शर्मा पत्नी श्री जितेन्द्र शर्मा, श्री दीपक गुर्जर पुत्र श्री सेवाराम गुर्जर, श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह पुत्र श्री नबाव सिंह कुशवाह, श्री उमेश सोनी पुत्र श्री रामदास सोनी, श्रीमती काजल गुप्ता पत्नी श्री विकास गुप्ता, श्रीमती रानी कुशवाह पत्नी श्री इतेन्द्र कुशवाह, श्री भूपेंद्र पुत्र श्री जसवंत यादव द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-(क) **परियोजना का नाम:**-RESIDENTIAL COLONY LAYOUT (ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक) पूर्व स्वीकृत ग्राम Piproli तहसील Citycenter व जिला Gwalior की भूमि सर्वे क्रमांक / खसरा क्रमांक 212, 213/1, 219/2, 220, 221, 222/2, 280 कुल रकबा 1.551 हेक्टेयर भूमि पर AGRICULTURE, EXTENTION OF RURAL SETTELMENT (UPTO 250 METER) विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।(ग) **विकास का प्रयोजन:**-AGRICULTURE, EXTENTION OF RURAL SETTELMENT (UPTO 250 METER)(घ) **स्वीकृति क्रमांक** GWLLP25042542205 दिनांक 2025-06-11पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp-Qqe5s9Mm211892 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक,

नगर तथा ग्राम निवेश, ग्वालियर मध्यप्रदेश